**Regarding demand for declaration of a national holiday on the birth anniversary of Ashoka the great**

श्री नीरज मौर्य **(**आंवला**) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण महापुरुष की जयंती की तरफ दिलाना चाहता हूं । भारतीय इतिहास में सबसे महान शासक अशोक महान के साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य जी ने की थी । अशोक की लाट हम लोगों की पहचान है । 5 अप्रैल को पूरे देश में सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई जाती है ।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सरकार सरकारी स्तर पर महान अशोक की जयंती मनाए और एक दिन की छुट्टी घोषित करे । धन्यवाद ।